# बिना मान्यता चल रही आवासीय कोचिंग में छात्र की करंट से मौत





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 24 जुलाई ।** कस्बा जौरा में पगारा रोड पर संचालित अलख ज्योति आवासीय कोचिंग में गुरुवार की सुबह दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की करंट लगने से मौत हो गई, घटना के वक्त छात्र कक्षा से बाहर पेशाब करने के लिए निकला था। छात्र की मौत की सूचना पर एसडीएम ने बीईओ व पुलिस को मौके पर भेजा। जौरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

**पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, मर्ग कायम**

जानकारी के अनुसार जौरा के पगारा रोड पर अलख ज्योति पब्लिक आवासीय कोचिंग स्कूल संचालित है। इस आवासीय कोचिंग में छात्र सुमित 13 पुत्र देवेंद्र गुर्जर निवासी देवगढ़ कक्षा 2 में पढ़ता था। सुबह 10 बजे वह क्लासरूम से बाहर निकला और बगल के प्लॉट में पेशाब करने गया। यहां से लौटते वक्त जैसे ही कोचिंग के अंदर गया, वह बेहोश होकर गिर पड़ा। कोचिंग संचालक उसे अपनी बाइक से लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की सूचना पर उसके माता-पिता सहित बीईओ डीके शर्मा व जौरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**जौरा में बिना मान्यता चल रहीं कई आवासीय कोचिंग :** पगारा रोड पर अलख ज्योति आवासीय कोचिंग बिना मान्यता संचालित हो रहा था। कस्बे में सिर्फ अलख ज्योति ही नहीं बल्कि ऐसे अनेक आवासीय कोचिंग बिना मान्यता के संचालित हो रही हैं। लेकिन शिक्षा विभाग ने आज तक ऐसी कोचिंगों के विरुद्ध कार्रवाई तो छोड़िए जांच तक करने की जेहमत नहीं उठाई।

**इनका कहना है...**

आवासीय कोचिंग में संदिग्ध हालातों में छात्र की मौत के बाद हमने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें प्रथम दृष्टया करंट लगने से मौत होना पता चला है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**- उदयभान सिंह यादव, थाना प्रभारी जौरा**

आवासीय कोचिंग पर 50-55 छात्र पढ़ते हैं। छात्र की संदिग्ध मौत होने की सूचना मिलने पर हम एसडीएम के निर्देश पर मौके पर गए थे। कोचिंग बिना अनुमति संचालित हो रही थी। हमने अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है।

**- डीके शर्मा**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जौरा**

# 28 बकायादारों के कनेक्शन काटे, 3 .11 लाख वसूल किए



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 24 जुलाई ।** बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के विरुद्ध जौरा कस्बे में गुरुवार को सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान 28 लोगों के कनेक्शन काटे गए, वहीं 3 लाख 11 हजार रुपए की राशि जमा भी कराई गई।

बिजली कंपनी के सहायक यंत्री पीएस यादव, कनिष्क यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा की देखरेख में वसूली टीम के मनोज जाटव, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, हरिओम कुशवाह, ऋषिकेश कुशवाह, अलीमुद्दीन खान, एहसान खान, भारत मीणा, ब्रजमोहन धाकड़ की टीम ने ऑफिसर कॉलोनी, चंद्रशेखर आजाद रोड, बनिया पाड़ा, श्रीकृष्ण मंदिर रोड, एमएस रोड, तहसील चौराहा सहित अन्य गली-मोहल्लों में पहले तो ऐसे 28 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे, जिन्होंने कई महीने से बिजली बिल नहीं भरा था। वहीं अन्य बकायादारों से टीम ने 3 लाख 11 हजार की राशि जमा भी कराई।

# उद्योग संवर्धन बोर्ड की जिलास्तरीय बैठक आयोजित



**मुरैना, 24 जुलाई ।** उद्योग संवर्धन बोर्ड की जिलास्तरीय बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन बानमोर में संपन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण, अवैध वसूली, रख-रखाव, प्रदूषण एवं ट्रेफिक जाम की समस्याओं के संबंध में चर्चा की गयी।

कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जारी एकीकृत हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैठक में बानमोर औद्योगिक संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव केके मित्तल, लघु उद्योग भारती बानमोर के अध्यक्ष सुदीप शर्मा के साथ लगभग 25 उद्योगपति, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मुरैना बृजलाल मरकाम, एमपीआईडीसी के ईई राकेश सिंह चौहान, विद्युत वितरण कंपनी के डीई भूपाल शरण, सहायक संचालक उद्योग संजय सिंह चौहान, बानमोर तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, एनएचएआई, नगर पालिका बानमोर, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और श्रम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# यूपी-राजस्थान की तरह किसानों को मिले 4 गुना मुआवजा : तिवारी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 24 जुलाई ।** आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए मुरैना जिले के जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, उनको उत्तरप्रदेश और राजस्थान की तरह 4 गुना मुआवजा राशि मिलना चाहिए।

**ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर किसान सभा ने निकाली रैली, दिया ज्ञापन**

यह मांग मप्र किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी ने की है। किसान सभा के बैनर तले मांग को लेकर गुरूवार को बड़ी संख्या में किसान स्थानीय चंबल कॉलोनी पार्क से रैली निकालते हुए नवीन कलेक्ट्रेट भवन पहुंचें। जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण कानून-2013 के मुताबिक उनके द्वारा अपने हक के रूप में 4 गुना मुआवजा राशि की मांग की जा रही है। इस मांग को लेकर आगामी 20 अगस्त को दिल्ली, यूपी और भोपाल से किसान नेताओं को आमंत्रित कर मुरैना में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि किसानों की मांग विधिसम्मत और जायज है। लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते किसानों को चार गुना मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। किसान सभा के जिला कार्यवाहक महासचिव ओमप्रकाश श्रीवास, श्रीकृष्ण यादव ने भी किसानों के सत्याग्रह को संबोधित किया। रैली एवं ज्ञापन में रामप्रकाश सिंह गुर्जर, उदयवीर सिंह यादव एडवोकेट, अशोक कुमार, राजेन्द्र माहौर, रामकिशोर शुक्ला, जंडेल सिंह गुर्जर, बीके शर्मा आदि शामिल थे।

**पदयात्रा निकालकर किसानों को लामबंद करेंगे किसान नेता**

किसान नेताओं ने कहा है कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर चल रहे आंदोलन को आगामी दिनों में तेज किया जाएगा। किसानों को लामबंद करने के लिए 15 अगस्त से 19 अगस्त तक उनके द्वारा जत्थे निकालकर और पदयात्रा कर व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

# शहर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की नो-एन्ट्री, सड़कों का पेचवर्क कराएं

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 24 जुलाई ।** बारिश के सीजन के दौरान शहर में सड़कें मोटरबेल बनी रहें, इसके लिए नगर निगम के अधिकारी भ्रमण कर सड़कों पर पेचवर्क कराएं।

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश**



एनएच-44 हाईवे पर अल्लाबेली और छौंदा टोल प्लाजा पर जाम के हालात बनाने वाले डंपरों के विरुद्ध पुलिस और परिवहन विभाग चालानी कार्रवाई करे। शहर में सुबह से शाम तक ट्रेक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाएं।

यह निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई इस बैठकमें एसपी समीर सौरभ, एडीएम सीबी प्रसाद, एएसपी सुरेन्द्र सिंह डाबर, आरटीओ अर्चना परिहार, यातायात पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोनिवि, एनएचएआई सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने नवीन जिला पंचायत कार्यालय वाली सड़क को छोड़कर शहर में अन्य सड़कों पर बीचोंबीच में लगे बिजली के खंबों को 7 दिन में हटाने, बैरियर क्षेत्र में बस स्टैंड के सामने होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान कर दोनों साइड की सड़क का निर्माण 7 दिवस में कराए जाने के निर्देश एनएचएआई को दिए है।

वहीं बस स्टैंड परिसर में जल निकासी का प्रबंध करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को ताकीद किया। बैठक में एनएच-44 हाईवे पर छौंदा टोलप्लाजा से आगरा एंड की ओर से सेल्सटैक्स बैरियर तक स्ट्रीट लाईटें नियमित रूप से चालू रहें, इसका वीडियो बनाकर तीन दिवस में उपलब्ध कराने को कहा है।

**टोलप्लाजा पर कारों के लिए लेन खाली रहना चाहिए**

कलेक्टर ने टोल प्लाजा प्रबंधन से कार सहित हल्के सवारी वाहनों के गुजरने के लिए एक लेन खाली रखने के निर्देश दिए।

**दिन में शहर में ट्रेक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश को प्रतिबंधित करें**

कलेक्टर ने यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को दिन में सुबह से शाम तक ट्रेक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश को पूर्णत: प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश दिए है। एमएस रोड, वीआईपी रोड सहित अन्य मार्गों से ट्रेक्टर-ट्रॉली प्रवेश न कर सकें, इसके लिए प्रबंध किए जाएं।

# डेंगू जागरुकता रथ को सीएमएचओ ने दिखाई हरीझंडी




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 24 जुलाई ।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिवस सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने डेंगू निरोधक माह जुलाई जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, डीएचओ डॉ. सुशील कारखुर, सहायक मलेरिया अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह यादव, जिला मीडिया अधिकारी श्रीमती बसंती बाजौरिया, श्रीमती शिवकुमार निम बीई, जेएमआई देववृत उपाध्याय, एमपीडब्ल्यू हरेन्द्र तोमर, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, दिनेश शर्मा, रवि सिकरवार सहित मलेरिया स्टाफ उपस्थित था। डेंगू निरोधक माह जुलाई रथ मुरैना सम्पूर्ण शहरी क्षेत्रों में डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव के लिए जन समुदाय को जागरूकता, समझाइश, प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा।

# पगारा पर बने इंटकवैल-ट्रीटमेंट प्लांट, जौरा में पाइप लाईन बिछे



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 24 जुलाई ।** नगरीय क्षेत्र जौरा में लोगों को आगामी 30 साल तक पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सके, इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने भोपाल में नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की और उन्हें पेयजल आपूर्ति परियोजना का प्रस्ताव देकर उसे स्वीकृति देने की मांग रखी।

नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बताया कि अभी जौरा कस्बे में पेयजल की आपूर्ति भूजल के माध्यम से हो रही है, लेकिन भविष्य में जब कस्बे की आबादी बढ़ेगी तो इसके जरिए पेयजल आपूर्ति करना संभव नहीं हो सकेगा। जौरा कस्बे के नजदीक ही पगारा बांध है, जिसके पानी से कस्बे के लोगों की आगामी 30 साल तक प्यास बुझाई जा सकती है। इसलिए पेयजल आपूर्ति परियोजना के तहत पगारा पर इंटेकवेल व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने, कस्बे में नए सिरे से पानी सप्लाई की लाइनें बिछाने के लिए प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी जाए।

**नगरीय निकाय मंत्री ने दिया आश्वासन :** नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने बताया कि जौरा कस्बे में आमजन के लिए पेयजल आपूर्ति जुड़े इस मुद्दे पर मंत्री विजयवर्गीय ने परियोजना के प्रस्ताव और एस्टिमेट पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और जल्द ही इस योजना को मंजूरी देने की बात कही।

# जिला पंचायत सी ई ओ ने किया निरीक्षण

**सबलगढ़, 24 जुलाई।** सबलगढ़ नगर में आज जिला पंचायत सी ई ओ कमलेश भार्गव द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसान सेवा केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडी बेहतरीन सेवा उपलब्ध कराई जाए किसानों को समय पर खाद्य मिले इसका अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें इसके बाद सी ई ओ कमलेश भार्गव जनपद पंचायत कार्यालय में पहुंचे और कार्यालय का निरीक्षण किया जनपद पंचायत कार्यालय के प्रांगण में बरसात के पानी भरने ओर उसका निकास ना होने पर नए जनपद पंचायत भवन के लिए जनपद पंचायत के सी ई ओ ललित चौधरी से चर्चा की ओर सी ई ओ ललित चौधरी को नए जनपद पंचायत भवन का नवीन भवन का प्रस्ताव भेजने को कहा।

# अनियंत्रित ऑटो पलटा, ससुर-दामाद समेत 4 घायल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 24 जुलाई ।** गुरूवार की दोपहर एनएच-552 हाईवे पर बागचीनी चौखट्टा के पास एक तेज रफ्तार थ्री-व्हीलर ऑटो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार ससुर-दामाद, नाती के साथ 4 लोग जख्मी हुए है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एनएच-552 हाईवे पर बागचीनी चौखट्टा के पास हुआ हादसा**



जानकारी के अनुसार जौरा क्षेत्र के निमास गांव का रहने वाला विजय सिंह जाटव (45) पेशे से ऑटो ड्राईवर है। गुरूवार की दोपहर विजय सिंह अपना ऑटो लेकर मुरैना आया था। यहां से विजय सिंह अपनी पुत्री और दामाद वृंदावन जाटव 25 पुत्र सुरेश जाटव, मनी जाटव 4 पुत्र वृंदावन जाटव निवासी नरहौली जौरा और बालक प्रांशु जाटव पुत्र भगवान सिंह जाटव को साथ लेकर जौरा जा रहा था। इसी दौरान जब ऑटो वाहन एनएच-552 हाईवे पर बागचीनी चौखट्टा के पास पहुंचा था, तभी आगे जा रहे वाहन के ड्राईवर ने अचानक वाहन को ब्रेक लगा दिए। ऑटो चला रहा विजय सिंह वाहन से संतुलन खो बैठा और ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो में सवार विजय सिंह, वृंदावन, मनी और प्रांशु घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उन्हें उपचार के लिए भर्ती किया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# फायरिंग करने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस




**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 24 जुलाई।** सबलगढ़ नगर में गत दिवस दाऊजी पैलेस में हवाई फायर करने वाले को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला अलग-अलग समय पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

विदित है कि गत दिवस नगर के दाऊजी पैलेस में हलीम खान ओर शोएव के बीच पुरानी दुश्मनी को लेकर विवाद हो गया था जिसमें गाली गलौज एवं मारपीट को लेकर शोएब खान के साथ मोनू मुल्ला व सेरा खान पर एवं हाकीम खान ने हरिया मुसलमान व 3 अन्य नकाब पोश लाठी डंडे से मारपीट व कट्टे से फायर करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थीं मंगलवार को दाऊजी पैलेस होटल के नीचे चूड़ी की दुकान पर यह घटना घटी थी जिसमें हलीम खान एवं सोएब खान के मध्य में आपसी पुरानी रंजिश एक दूसरे ने बताई गई है पहले हलीम खान ने गाली गलौज एवं मारपीट को लेकर शोएब खान के साथी मोनू मुल्ला व सेरा खान पर गालियां देती हुई मारपीट करने से मोदी चोट आई है इसकी रिपोर्ट थाना सबलगढ़ में लिखी गई थी हाकीम खान ने हरिया मुसलमान व 3 अन्य नकाब पोश लाठी डंडे से मारपीट व कट्टे से फायर करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी दोनों ने अलग-अलग मेडिकल कराए गए थे थाना प्रभारी राजकुमारी परमार घटनास्थल पर पहुंच कर वस्तु स्थिति जानकारी ली गई थी आज पुलिस द्वारा शाहरुख खान उर्फ कद्दू जामा मस्जिद बाली गली एवं निवासी अमरु उर्फ आकाश पुत्र जमिल खान निवासी किला घाटी को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला गया।

# फ्रिज रिपेयरिंग की दुकान से तार का बंडल ले गए बदमाश



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 24 जुलाई ।** अलापुर में सरपंच के घर हुई डकैती को पुलिस अब तक ट्रेस नहीं कर सकी है, उधर बदमाशों ने नगर में फिर से अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार की रात को कस्बे की डाकखाना रोड स्थित फ्रिज, टीवी रिपेयरिंग सेंटर की दुकान का शटर उचकाकर बदमाश तार का बंडल चुराकर ले गए। जबकि पान की दुकान में चोरी करने का उन्होंने असफल प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार डाकखाना रोड स्थित फ्रिज, टीवी, स्टेबलाईजर रिपेयरिंग की दुकान चलाने वाला नीरज कुशवाह बुधवार की शाम को दुकान को ताला लगाकर घर चला गया था। गुरूवार की सुबह जब नीरज दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान का शटर एक ओर से उचका हुआ दिखाई दिया। दुकान के अंदर जाने पर सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। बदमाश उसकी दुकान से तकरीबन 4 हजार रूपये कीमती तार का बंडल चुराकर ले गए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया।

**तहसील चौराहे पर पान की दुकान में चोरी का विफल प्रयास**

बुधवार की रात को बदमाशों ने नगर के तहसील चौराहे पर स्थित अंतू स्वामी पान वाले की दुकान में भी चोरी का प्रयास किया। शटर को उचकाकर बदमाश दुकान के अंदर तो घुसे, लेकिन वहां से सामान ले जाने में असफल रहे।

**22 दिन बाद भी अलापुर सरपंच के घर हुई डकैती बेसुराग**

विगत 1-2 जुलाई की रात को हथियारबंद बदमाशों ने अलापुर सरपंच श्रीमती मंजू राजकुमार यादव के घर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश सरपंच के घर से 72 लाख नकदी, 60 तोला सोना समेत 315 बोर की बंदूक लूटकर ले गए थे। डकैती की इस वारदात को पुलिस अब तक ट्रेस नहीं कर सकी है।

**पूर्व सीएम व केन्द्रीय मंत्री से मिले सरपंच व परिवारीजन**

डकैती की घटना को ट्रेस करने की मांग को लेकर पीड़ित सरपंच मंजू राजकुमार यादव ने बीते दिनों मप्र के पूर्व सीएम व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की थी।


## आम सूचना

श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री राजेन्द्र के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित गंगाराम का पुरा, ग्राम पमाया, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.01 (कृष्ण नगर) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.462 ग्राम पमाया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1020 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-हरिजन मंदिर की बाउण्ड्री, पश्चिम- रास्ता 18 फुट चौड़ा, उत्तर-भवन प्रजापति एवं दक्षिण-भवन श्री लक्ष्मण किरार है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री भगवान सिंह एवं श्रीमती मुन्नीबाई पत्नी श्री ओमप्रकाश द्वारा श्री परिमल सिंह पुत्र श्री कपूर सिंह एवं श्री लाल गिरी पुत्र श्री लक्ष्मण गिरी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4651 दिनांक 17.12.2012 से विक्रय की गई। श्री परिमल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री अजब सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792020 1197548 दिनांक 13.03.2020 से विक्रय की गई। श्री गजेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री राजेन्द्र को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 27 आईजीआर 17912025 100384457 दिनांक 28.05.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती गुड्डी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि, ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
-कैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710